[Shri P. Shiv Shanker]

consideration the ethoes and values of this nation. If it is not possible, let us go by the verdict of the court of law wiach has to be respected in every form. If there is any controversy about the fact, I would even make a suggestion. *{Interruptions}*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let him finish. I have to adjourn the House for lunch. *(Interruptions).*

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जैसे शाह बानो केस में आपने कोर्ट का आदर किया वैसे ही करें ।

SHRI P. SHIV SHANKER: Lastly, I will submit that for the purpose of proper appraisal of the situation, I would appeal to the House, if the House can agree and if the Leader of the House can give his assent to, that a House Committee could be formed for the purpose of going there and finding out as to what exactly has happened *(.Interruptions).*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. I have to adjourn the House for lunch for one lour. I hope the UP Government will inform the Home Minister so that we can get the information. The House is adjourned for lunch till 2.45 P.M.

*The House then adjourned for lunch at forty-five min- Us past one of the clock.*

*The House reassembled after lunch at forty-eight mir utes past two of the clock.*

*[THS* VICE-CHAIRMAN SHRI M. A, BABY) in the Chair]

## PAPERS LAID ON THE TABLE

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): There is a supplementary list of business for today. Paper in be laid on the Table. Shri Shantaram Potdukhe.

Summary of the Recommendations of the Committee on Small Savings and the decisions of the Government thereon

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SHANTARAM POTDUKHE: Sir, I beg to lay on the Table a copy (in Englis and Hindi) of the Summary of the.ecommendations of the Committe on Small Savings and the decisions of the Government thereon.

[Pleased in Library *See* No. LT.. 1583/92]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Now, we will continue with the Special Mentions. Shri Ram Awadhesh Singh.

SHRI MURASOLI MARAN (Tamil Nadu): The CEair has assured that is continuing....

SHRI MURASOLI MARAN (Tamil Nadu): The Chair hasa assured that one Member from each party will be allowed to speak.

SHRI V. GOPALSAMY: ....and one Member from each party is-allow-ed to speak. The SJP and the DMK have not spoken and the AIADMK is also there.

SHRI MOHD. KHALEELUR RAHMAN (Andhra Pradesh): We are also here, Sir.

SHRI V. GOPALSAMY: Telugu Desam, everybody is there.

SHRI CHIMANBHAI MEHTA (Gujarat): Why don't you take Special Mentions tomorrow?

THE VlCE-CHAniMAN (SHRI M. A. BABY): Let us see whether it will be over. Chatura nanji

## Special Mentions—Contd.

### Alleged demolition of Temples in Ayodhya in violation of the rulings of the High Court—Contd.

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, अयोध्या कांड के बारे में कुछ बातें आज सदन में आई हैं और जो अखबारों में भी आयी हैं, वह काफी चिंता का विषय हैं । यह एक जगह की घटना नहीं है बल्कि इसका संबंध पूरे

राष्ट्र से है । महोदय, मैं एक बात की जरूर यहां पर चर्चा करूंगा कि पिछली बार जब नेशनल इंटीग्रेशन कौंसिल की मीटिंग हुई थी, उसमें हम लोगों ने, सभी पार्टियों के लोगों ने, जिसमें हमारे बी०जे०पी० के भाई भी थे, हम सब लोगों ने मिलकर यह तय किया था और वहां के चीफ मिनिस्टर ने आश्वासन दिया था कि उस जमीन पर किसी तरह की कोई ऐसी हरकत नहीं होगी और कोर्ट के खिलाफ कुछ नहीं होगा । उसके बाद हमने अनेक मुस्लिम संगठनों से अपील की कि क्योंकि सभी सेकुलर पार्टियों ने बाबरी मस्जिद का मामला अपने हाथ में ले लिया है, इसलिये मुसलमानों के नाम पर कुछ नहीं होना चाहिये जिससे सेकुलर पार्टीज के लोग जो आपकी धार्मिक आजादी की लड़ाई के लिये खड़े हैं वे कमजोर न हों । अगर इसको अलग से आप साम्प्रदायिक रूप देंगे तो यह गलत काम होगा । यह अच्छी बात है और जो इसके पहले कभी नहीं हुआ था, आमतौर पर मुस्लिम संगठनों ने इससे परहेज किया और इसलिये मैं समझता हू कि यह हम लोगों की जिम्मेदारी है, सभी सेकुलर पार्टियों के लोगों की और हमारे बी०जे०पी० के मित्रों की भी कि इस मामले पर सही ढंग से विचार कर हम इसका ऐसा निराकरण निकालें, जब सबके हक में हो । वहां पर रामचन्द्र जी का मंदिर बने, तो इसके लिये हम पहले ही कह चुके हैं और हम इस बात पर सहमत हैं । जो विरोध का विषय है वह यह है कि मस्जिद तोड़ी न जाय । इतनी ही बात है कि न उसे तोड़ा जाय और न हटाया जाय और दोनों अपनी जगह पर रहें । आज के डिसक्शन में जो बातें आई हैं, फैक्ट्स के बारे में दोनों तरफ से अलग अलग बातें कही गई हैं । बी० जे० पी० के नेता जो बोले, और उन्होंने जो फैक्ट्स रखे हैं, उनसे हम लोगों के फैक्ट्स भिन्न हैं । इसलिये हम चाहेंगे कि सरकार को चाहिये कि वह किसी निष्पक्ष पार्टी से फैक्ट्स के बारे में असर्टेन करें क्योंकि बात यह है कि अगर हम लोगों ने केंद्र सरकार के खुफिया विभाग की जो रिपोर्ट है उसके आधार पर काम किया तो उचित नहीं होगा और शायद राज्य समझेगा कि उसके मामले में हस्तक्षेप हो रहा है । आप जानते हैं कि वहां पर बी० जे० पी० की सरकार है । लेकिन हमने या हमारी पार्टी ने सदन में कभी यह नहीं कहा कि क्योंकि वहां पर बी०जे०पी० की सरकार है, इसलिये सिर्फ इस बिना पर उसको भंग कर दीजिए । यह मामला हम लोगों ने कभी नहीं उठाया । लेकिन कभी भी हम जिस बात की चर्चा करना चाहेंगे वह यह है कि वहां जब एक नयी स्थिति पैदा हो गयी है । अगर केंद्रीय सरकार कोई रिपोर्ट मांगे और गवर्नमेंट रिपोर्ट न दे, इसकी इस सदन में भाई सिकन्दर बख्त जी सहित किसी ने भी सराहना नहीं की, जो कि स्टेट गवर्नमेंट ने किया । उन्होंने भी कहा कि वह स्टेट गवर्नमेंट से रिक्वेस्ट करेंगे ऐसा उन्होंने सदन में कहा । अगर स्टेट गवर्नमेंट नान-कोआपरेटिव है . . . (व्यवधान) आपने तो कहा ही ।

**श्री सिकन्दर बख्त :** होम मिनिस्टर साहब ने मुझ से कहा था और

†[اتری سکندر بخت : ہوم منسٹر صاحب نے مجھ سے کہا تھا اور ]

I am in touch with the UP Government. I am trying to reach people. I shall bring facts before the Houae.

**श्री चतुरानन मिश्र :** हमने कहा कि यह बहुत बुरी बात है । अगर डिफाइंस की हालत में सरकार पहुंचे तब तो हम लोगों को सोचना पड़ेगा कि क्या होगा ।

दूसरी बात राम पार्क के बारे में आपने चर्चा की कि कांग्रेस वालों ने कहा था, स्व० राजीव गांधी जी ने कहा था । लेकिन उन्होंने यह तो नहीं कहा था कि इसको हंगामा करने वालों को दे दीजिए । यह राजीव गांधी ने अभी नहीं कहा कि बजरंग दल और अन्य लोगों को आप दे दो, ऐसा तो उन्होंने कभी नहीं कहा था । अगर पार्क बनाना है तो आप बना सकते थे, मस्जिद को बिना किसी तरह का खतरा पहुंचाये । अगर पार्क में मंदिर रहता तो कौन सा उससे आसमान टूट

† [] Transliteration in Arabic Script.

[श्री चतुरानन मिश्र]

जाता ? काहे को आप ऐसा करते हैं । अगर आप मंदिर तोड़ सकते हैं तो आप मस्जिद भी तोड़ सकते हैं, चर्च भी तोड़ सकते हैं । अगर मंदिर तोड़ना आपने शरू कर दिया तब तो दूसरों को तोड़ने में आपको कोई धार्मिक आपत्ति नहीं होगी । इससे भी यह केस मजबूत होता है कि आप किस तरह से गड़बड़ी वहां पर कर रहे हैं । वहां के महन्त बाबा लालादास को जिस तरह से हटाया गया है उसके बारे में शिकायत हैं और हम लोग भी समझते हैं कि क्यों इस ढंग से किया जा रहा है ? पता नहीं क्या होगा । इसलिए मैं यह चाहता हूं कि केंद्रीय सरकार अविलंब, हम चाहेंगे कि प्रधानमंत्री अविलंब सभी पार्टियों की बैठक बुलायें और कहें कि अगर स्टेट फ फायेंट एटीट्यूड ले और मामला हो धार्मिक आजादी का या फंडामेंटल राइट्स का तो ऐसी हालत में हम को क्या करना चाहिये क्योंकि आप आर्टिकल 356 का इस्तेमाल करें, इससे कहीं अच्छा है कि सभी बैठ कर के इन को कहें कि आप गलत रास्ते पर जा रहे हैं, इसके कारण हम लोग कुछ करने के लिए तैयार हैं न कि सिर्फ इसलिए कि बी०जे०पी० की सरकार है । आप संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं और तब हमारे सामने कोई चारा नहीं रहेगा । इसलिए हम आपसे अनुरोध करेंगे, प्रधान मंत्री जी से अनुरोध करेंगे कि जो आश्वासन भाजपा नेताओं और यूपी० के मुख्य मंत्री ने नेशनल इंटीग्रेशन कौंसिल में दिया था उसकी अवहेलना कर रहे हैं, उल्लंघन कर रहे हैं, इसलिए अविलम्ब आप बैठक बुलाइये और इसको कीजिये ।

मैं दूसरी बात जो कहना चाहूंगा वह यह है कि ऐसी स्थिति में कम से कम हम बी०जे०पी० के भाइयों से रिक्वस्ट तो नहीं कर सकते हैं क्योंकि हम समझते हैं कि इनका वोट इसी पर निर्भर है और वोट के बिना तो चलता नहीं है (व्यवधान) सुनिये । दिल्ली में सरकार बनाना चाहते हो तो कम से कम उत्तर प्रदेश में सरकार ऐसे ढंग से चलाते कि सारा भारत आकर्षित होता । उत्तर प्रदेश में अगर दंगा फसाद कराने वाली सरकार है तो वह दिल्ली में कभी नहीं पहुंच सकती है । इतना हम जानते हैं । इसलिए हम आपको कहते हैं कि कहीं यह अन्तर्राष्ट्रीय मामला न बन जाए । यदि किसी की धार्मिक भावना पर चोट की जाती है तो दुनियां में और लोग भी हैं । इसलिए हम आपसे कहेंगे, सदन से भी कहेंगे कि भारत की प्रतिष्ठा पर आंच आए, ऐसा काम आपको नहीं करना चाहिये क्योंकि जब किसी की धार्मिक भावना पर चोट होगी, आज कल ह्यूमेन राइट्स के प्रश्न को ले कर लोग यूनाइटेड नेशंस में जा सकते हैं । और बातें भी आएगी इसलिए आप ऐसा कुछ नहीं करें कि देश के अन्दर दंगा फसाद शुरू हो जाए । इसलिए रह रह कर, जब दूसरा कुछ नहीं मिलता है, शायद एकता-वेकता यात्रा वाला सौदा बिका नहीं, फिर यह मामला शुरू हो जाता है इस सब से आपका कोई फायदा नहीं होगा । आप कंस्ट्रक्टिव ढंग से कुछ काम करें और देश को आगे ले चलें । यही हमारा इस सदन से अनुरोध होगा । एक बार फिर मैं दोहराता हूं चूंकि यह मामला बहुत गम्भीर है इसलिए प्रधानमंत्री जी सर्वदलीय मीटिंग बुलायें और उसके निर्णय के मुताबिक फौरन आवश्यक कार्यवाही करें । गृह मंत्री जी यह न कहें कि हम तो असहाय जीव-जंतु हैं, हम हेल्पलेस क्रियेचर हैं, इसलिए कुछ नहीं कर सकते हैं । संविधान में दोनों बातें हैं । इसलिए आप समुचित तरीके से मूव कीजिये । यही मेरी अपील है । (व्यवधान)

SHRI MURASOLI MARAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, this morning the hon. Leader of the Opposition said that this was a burning issue. What is being set fire to is the hory concept of secularism which is the bed-rock of our polity and our Indian culture. Sir, what is going on in Ayodhya that has given rise to a plot of apprehensions and fears? It is a straight step towards construction of a temple in the name of tourism development. It is a pity that they should have acquired the land not to build a temple but to develop tourism. So they have reduced the status of Lord Rama to an object of tourism.

I am very sorry to say that. But at the same time we know that in November last the National Integration Council had taken a very wise decision. With the consent of the hon. Chief Minister of Uttar Pradesh and with his assurance it had been decided that the entire issue would be settled through negotiations and the rule of law. The hon. Chief Minister of UP had given an undertaking that the final court order would not be violated. So, I would like to ask the hon. Home Minister as to what is their position now. Have they gone back? Has the Chief Minister gone back on his promise to the National Integration Council? This is my first question to the hon. Home Minister. Sir, they are raising walls and the demolition work is also going on under the supervision of some State Ministers. What is the wall for? Is it probably to protect something?

**श्री जगेश बेसाई : वे सफाई का काम कर रहे हैं, टूरिज्म का काम नहीं कर रहे हैं।**

SHRI MURASOLl MARAN; Whether they are for cleansing or for demolishing, the fact is that they are going to construct something. But where is the site plan: There should be a site plan for constructing anything. Has it been approved by any competent authority? I would like the hon. Home Minister to reply to these questions. The only thing which can be dona with the consent of all is that the site plan should be submitted to the Allahabad High Court. That will only solve the problem. The hon. Chief Minister has given an assurance that he will not violate the Court order and the National Integration Council has com out with a statement that the problem will be resolved by negotiations. Therefore, I want to know from the Home Minister whether he would use his office to persuade the Uttar Pradesh Government to give a site plan, to publish a site plan first and then to submit it to the Allahabad High Court. Mr. Sikander Bakht has categorically stated, "Come what may, we will build the Ram temple." We are all strange person alities. I have got great admiration for Mr. Sikander Bakht. He is strange, not that I am referring to his religion or his status as the leader of the BJP. He has stated in a newspaper interview that he is an agnostic. I am also an agnostic like him. So we are not bothered about which temple they are going to build and where they bu. ild it. As an agnostic, we should also not bother about it. He has categori cally asserted that his party will build the Ram temple. I want to know as to where they are going to build the temple. Are they going to build it after destroying the mosque? In that case, we should probe into this. This means that they are demolishing the very Constitution itself, the very values of secularism itself. Many friends have suggested that we should use Article 356. I am not for using Article 356. If the Uttar Pradesh Government is hesitating, the Home Minister should give a directive, if necessary, to get all the particulars and see that the site plan is sumitted to the Allahabad High Court.

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Sir, everybody in this House is very much worried about the aftermath of all these tilings that are happening in Ayodhya. Ram Jamaa-bhoomi issue is not the first of its kind that has started now. It has been gooing on for so many years. We still remember what happened in 1990 when there was riot all over the coun_ try including the South where many places were affected. Now, they have started to say that they are gomg to have a sort of tourism complex and, consequently, they are going to demolish the temples, the one thing which I don't understand is whether they are going to demolish the Babri Mas-jid and construct the Ram temple or not on what basis they are breaking the Hindu idols and the Hindu temples. I am unable to understand this and it has been reported in the Press that they have destroyed some Hindu temples and also they have demolished

[Shri G. Swaminathan] one Bhajan Math, as it is called. Today morning, the hon. leader of the BJp said that he is not violating the Court order. From the newspapers, I find that one Sankat Mochan Shrine was also demolished. They have aled a petition in the High Court and have also got a stay order from the High Court. When a stay order has been obtained from the High Court, how can they demolish the Sankat Mochan shrine? The Education Minister, when he was eonfron-ted, said that they have come to an understanding with Mr. Sachin Bbo-bbar. I am not able to understand that when there is a stay for a particular temple, in this case, the Hanman temple, can the Education Minister have a private understanding with the owner or the mahant of the temple and demolish it against the Court stay order? I am not ale to understand their logic in doing this. I also wish to stress that India is going through a erisis in many fields. We are going through a crisis in the economic field. We are having a lot of: problems on the borders in Kashmir and other places. Therefore, this is not the time to start this kind of a controversial thing on the basis of religion. This will' upset the equilibrium of our country. I plead with the leaders of the BJP not to start this game again, a game which created a lot of problems throughout the country.

I would like to say one more thing regarding Tamil Nadu. As regards VHP we have our own reservations in Tamil Nadu. Recently the VHP has been issuing many statements in Tamil Nadu which are creating a lot of pro blems in Tamil Nadu. Wherever they go, they create confusion and dis order. Normally they take a route — I do not want to mention — where there is a conflict so that the conflict is escalated and out of the generation and escalation of a conflict they want to get a political advantage. This is what we find in Tamil Nadu. I. therefdre; plead with them to have a cansensus in this matter and not to eseaiate the conflict further which would jeopardize the very equilibrium of our country which is based en tolerance of all religions, especially in the south.

**श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हमारा जो संविधान है और जो राष्ट्र हैं, वह चरित्र में धर्म-निरपेक्ष है । धर्म-निरपेक्षता का मतलब जो मैं समझ पाता हूं वह है कि हर व्यक्ति को अपने धर्म का आचरण करने की छूट होगी । कोई व्यक्ति दूसरे के धर्म का अनादर नहीं करेगा और इस देश में आस्तिक भी रह सकते हैं और नास्तिक भी रह सकते हैं । इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने दो बार शपथ ली । एक बार तो उन्होंने राज भवन में अपने मंत्री परिषद् और सहयोगियों के साथ शपथ ली और ठीक उसके दूसरे दिन मुख्य मंत्री और मंत्री परिषद् के जितने भी सदस्य थे, जिन्होंने राज भवन में शपथ ली थी, अयोध्या के मंदिर गये और वहां पर दूसरी शपथ ली कि राम लला का मंदिर बन कर रहेगा, जबकि इस बात की जानकारी मुख्य मंत्री को थी कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का जो लखनऊ बेंच है, उसने एक स्थगन आदेश दे रखा है और यह कह रखा हैं कि यथास्थिति बरकरार रहेगी ।

तो मेरी राय में मुख्य मंत्री का आचरण उस दिन ही संविधान विरोधी हो चुका था लेकिन इसकी ओर केंद्रीय सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया और शायद उसी प्रकार से उस दिन केंद्रीय सरकार असहाय थी जैसा कि आज गृह मंत्री असहाय हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश की सरकार से जो सूचना मांगी गई है अभी तक सूचना नहीं मिली है । पता नहीं कि भोजनावकाश में इनको सूचना मिली कि नहीं मिली ।

दूसरा, यह जो राम जन्मभूमि न्यास को सरकारी जमीन दी गई है, यह राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया है, क्योंकि रामजन्मभूमि न्यास एक प्राइवेट ट्रस्ट है और इस ट्रस्ट के सदस्य हैं, भारतीय जनता पार्टी के संसद्

सदस्य महंत अवैद्य नाथ, भारतीय जनता पार्टी की लोक सभा की सदस्या, विजयाराजे सिंधिया, भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा के सदस्य श्रीशचन्द्र दीक्षित और भारतीय जनता पार्टी के ही सूर्य कृष्ण जो भारतीय जनता पार्टी के बहुत अच्छे और प्रतिष्ठित नेता हैं। इसके अतिरिक्त और लोग भी इसके सदस्य हैं ।

तो मेरा यह कहना है कि यह भूमि उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिगृहीत की थी। उसके पास यह भूमि थी और वही उसकी मालिक थी। लेकिन जैसी खबरें समाचार-पत्रों में आई हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में रामकथा पार्क के निर्माण के लिए 42.137 एकड़ जमीन को रामजन्म भूमि न्यास को सौंप दिया है। पट्टा कल देर रात को यहां रजिस्ट्री दफ्तर में रजिस्ट्री हो गया है । पट्टा दाता आलोक सिन्हा, सचिव पर्यटन उत्तर प्रदेश तथा पट्टा ग्रहण करने वाला रामजन्म भूमि न्यास है। पट्टे को एक रुपया वार्षिक दर पर शाश्वत दिनों के लिए दिया गया है, जिसका कभी नवीकरण नहीं कराना होगा।

तो एक ऐसा ट्रस्ट जो प्राइवेट ट्रस्ट है, जिस ट्रस्ट के कम से कम चार-चार भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा के सदस्य हैं, वही भारतीय जनता पार्टी जिसकी उत्तर प्रदेश में सरकार है मेरा यह आरोप है सीधे-सीधे कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री और उसके मंत्री परिषद् द्वारा उनके पद का दुरुपयोग राजनीतिक लाभ की पूर्ति के लिए है। तो मेरी मांग यह है और इस देश में हुआ भी है कि बहुत से मुख्य मंत्रियों ने पद का दुरुपयोग किया और उनके खिलाफ कमीशंस आफ इंक्वायरी, 1952 के तहत जांच आयोग बिठाया गया और यह जांच आयोग बिठाने का काम केंद्रीय सरकार कर सकती है ।

मेरी यह मांग है कि चूंकि उत्तर प्रदेश की सरकार ने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सरकार की जमीन को एक ऐसे ट्रस्ट को दिया है जिसके सदस्य भारतीय जनता पर्टी के लोग हैं और यह बहुत बड़ा पद का दुरुपयोग है और इसके संबंध में काम किया जाना चाहिए। दूसरा मेरा यह कहना है और सिकन्दर बख्त जी ने आखिर में कहा बहुत जोर से कि मंदिर तो वहां बन करके रहेगा । मंदिर बने इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मंदिर बनाने के काम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए । क्योंकि मुझे याद है सोमनाथ मंदिर के संबंध में जब सोमनाथ मंदिर के निर्माण के लिए, जब उसके पुनर्निर्माण के लिए सरदार पटेल ने घोषणा की जामनगर में और उन्होंने यह भी घोषित किया कि उस मंदिर को बनाने में केन्द्र सरकार की ओर से सहायता दी जायेगी । उसके बाद जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सरदार से मिलने के लिए गए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बहुत बड़े राम भक्त थे, जब उनकी हत्या हुई आखिरी शब्द जीवित गांधी के मुंह से निकला "हे राम", लेकिन गांधी जी ने सरदार पटेल से कहा कि मंदिर बनना चाहिए, लेकिन मंदिर बनाने के काम में सरकार की ओर से एक भी पैसे की सहायता नहीं दी जानी चाहिए । सरदार पटेल ने इस बात को माना और गांधी जी की घोषणा के अनुसार जनता से पैसा इकट्ठा किया गया । मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार यह जो काम कर रही है इससे देश की जो राष्ट्रीय एकता है और धर्म के लोगों की एकता भी खतरे में पड़ गई है । जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय का एक आदेश है और स्थगन आदेश है तो बार-बार यह कहना कि मंदिर बन करके रहेगा, मंदिर बन करके रहेगा, इसके मायने जो न्याय का मंदिर है उसकी भी आप अवहेलना कर रहे हैं । मुलायम सिंह यादव जब वहां पर मुख्य मंत्री थे उनका भी बराबर यह कहना था कि राम मंदिर बनना चाहिए लेकिन राम का मंदिर किसी दूसरे धर्म के मानने वाले लोगों की जो पाक इमारत मस्जिद है उसको क्षति पहुंचा करके मंदिर बनाने की इजाजत इस देश में, इस देश की जनता नहीं दे सकती है और न इस बात का मैंडेट ही भारतीय जनता पार्टी को मिला हुआ है । इसलिए में इस बात का निवेदन करूंगा जिस ओर

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

मैंने ध्यान आकर्षित किया है उसकी ओर गृह मंत्री जी बतायेंगे और दूसरे 1986 में जिस समय ताला खुला था शुरूआत होनी शुरू हो गई। कांग्रेस पार्टी के मुख्य मंत्री ने भी राम कथा पार्क के लिए एक मंदिर के लिए जमीन का वहां पर अधिग्रहण किया था। मेरी राय में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी, दोनों ने ही राम जन्म भूमि बाबरी-मस्जिद की जो शुरूआत की, उसका जो बीज बोया, उसके चलते आज देश की राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बहुत ज्यादा खतरा है और गृह मंत्री जी से तथा केन्द्रीय सरकार से मेरा अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सरकार से जो कुछ भी सूचना उनको मिले, यदि आज मिले तो अभी बताए, लेकिन हो सकता हैं कि लंच में मिल गई हो, और अगर नहीं मिलती है तो कम से कम कल जरूर बताने की कृपा करेंगे और जरूर इस बात की जानकारी करेंगे कि राम जन्म-भूमि न्यास के सदस्य कौन-कौन से लोग हैं और उस में कितने ऐसे लोग हैं जो भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा के सदस्य हैं या विधायक हैं?

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Mr. Vice-Chairman, Sir, in stating the BJP position, the Leader of the BJP Group here, Mr. Skander Bakht, con-eluded his speech by saying that they have a mandate to build the temple there.

Sir, in the last election, the BJP got 32 per cent of the votes and all the secular parties put together got more than double that. If the mandate is to be measured by majority or minority, then it is clearly a minority Government in terms of votes which is there now in Uttar Pradesh. Fur thermore, in the by-elections that took place to 17 Assembly and three Parliamentary seats in Uttar Pradesh, the BJP vote actually came down to 26 per cent. So, in fact, as time passes, the small mandate that they got, to begin with, is actually going down and whatever mandate they got in the 1991 elections was because of a false propaganda or many people having been killed in police firing when the people went there to forcibly demolish the Masjid. In fact, all the names and addresses of those killed were there. They even performed their last rites and took their ashes and distributed them around the country. But, within three days, the corpses came alive and they even declared that they were nowhere near Ayodhya at that time! It was, in fact, a calculated attempt to defame Mr. Mulayam Singh Yadav and to seek political advantage. That is why they got even this 32 per cent and, if there is any election today, the BJP will not get even half of those votes that they got last time.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: What about the seats?

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Regarding seats, you can calculate them accordingly. Therefore, they have no right to talk of mandate. Mandate is not the argument. They are in power. Now the question is whether they will do it and get away with it That is the real question.

Sir, the Ram issue for them has been very profitable—in the short run in terms of votes and in the long run in terms of money. Those who are committed to religion and the advan cement of religion have dissociated themselves. All the Shankaracharyas today arenot with them. The Shank aracharyas have separately given statements, saying that nothing should be done forcibly there. Sardar Patel, whose name they quote, wrote a letter to Shri Govind Ballabh Pant at that time, saying that under no circumstances there should be any unilateral step or by force; it should be with the willing cooperation of all the communities. So, consequqently, Sir, the real issue is whether they can do it. I know it for a fact that their Plan is that since March 11 they have been building the wall. We have woken up only now The Home Ministry has still not woke up to it. They are waiting for information from the Uttar Pradesh Government. *(Time Bell* rings)

Under the Constitution, the Central Government is the senior partner. They are behavings as if the Uttar Pradesh Government is the senior partners and the Central Government is the junior partner. And they are not able to inform the Parliament about the actual situation.

So tha central question, therefore, is what the intention of the Government there is. They are going to build the wall and then they are not going to demolish the Masj id. They consider the Masjid already a temple and they are going to renovate that Masjid in the form of a temple. And that is their ultimate aim and they have timed it for the summer. In this country there is a parallel situation, and ths s allowed by the Central Government.

Therefore, Sir, there is just now no alternative, considering all the previous commitments given by them. In 1989, they - the Vishwa Hindu Parishad — gave a written commitment that they will allow the *status quos* and they will wait for the court decision. They gave a similar undertaking in the National Integration Council.

It is now the responsibility of the Central Government. And I demand that the Uttar Pradesh Government be dismissed forthwith.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Shri Mohd. Khallelur Rahman.

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आंध्र प्रदेश) : जनाब वाइस चेयरमैन साहब, यह बड़े अफसोस की बात है कि पिछले तीन-चार महीने पहले नेशनल इंटीग्रेशन काउंसिल की मीटिंग में यू०पी० के चीफ मिनिस्टर और बी०जे०पी० के ग्रहम कायदीन की यकीन दिहानी के बाव-जूद कि यह राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद का मसला या तो बातचीत के जरिए इत्त-फाक-ए-राय से तय किया जाएगा या फिर अदालत का जो भी फैसला होगा, उसको तस्लीम किया जाएगा, मगर अभी हालिया इस्तयात अंगेज डवलपमेंट जो वहां पर हुए हैं, उन डवलपमेंट्स को सतही अंदाज से नहीं सोचा जाना चाहिए क्योंकि यह डवलपमेंट्स प्रि-प्लांट है और जानबूझकर इस किस्म की इस्तयात अंगेज हरकत की गयी है और इस बात की कोशिश की जा रही है, खास तौर पर एकता यात्रा के मुकम्मिल फेल होने के बावजूद बी०जे० पी० की जानिब से यह कोशिश की जा रही है कि फिर किसी तरह इस मसले को जिंदा रखा जाय । चुनांचे इस तरह नए डवलपमेंट्स फिर किए जा रहे हैं ।

[श्री मोहम्मद खलिलुर रहमान]

इसलिए मैं हमारे होम मिनिस्टर साहब से खास तौर से कहूंगा कि वह जल्द-से-जल्द बयान दें । होम मिनिस्टर साहब का यह कहना कि मैंने टेलीफोन किया है, मैं फैक्ट्स का इंतजार कर रहा हूं, मुझे अभी तक वहां से मालूमात हासिल नहीं हुए हैं, यह लाचारी के सिवाय और कोई बात नहीं है । आपके और भी मुख्तलिफ सोर्सेज हैं मालूम करने के । जाहिर है कि चीफ मिनिस्टर से जो भी इनफॉर्मेशन आएगी तो चीफ मिनिस्टर को इनफॉर्मेशन खुद उनकी इनफॉर्मेशन रहेगी और उनका जो एक्शन है, उसे वे जस्टीफाइड करेंगे । इसलिए आप को भी वहां पर जो सेंट्रल एजेंसीज हैं उन एजेंसीज के जरिए आप मालूमात को हासिल कीजिए । वहां 11 मार्च, से इस तरह की हरकतें हो रही हैं और आज 23 मार्च है । इस तरह 12 दिन हो चुके हैं । इसके बावजूद आपका यहां पर यह कहना कि हम को अभी तक इनफॉर्मेशन नहीं मिली है, यह समझ में आनेवाली बात नहीं है । लिहाजा मैं आपसे दरख्वास्त करूंगा कि आप जल्द-से-जल्द इस हाउस में मुकम्मल इनफॉर्मेशन के साथ तशरीफ लाइए बल्कि मैं तो आपसे यह गुजारिश करूंगा कि आज का यह इजलास खत्म होने से पहले आप इस हाउस में बयान देंगे और तमाम मेंबर्स को इससे मालूम करेंगे ।

और फिर खासतौर पर हमारे मोहतरम साहब, जिनका मैं बड़ा एहतराम करता हूं जनाब सिकन्दर बख्त साहब, इनका अपनी तकरीर के आखिरी में यह कहना कि मंदिर जो है बन कर रहेंगा, यह तो कोई समझ में आने वाली बात नहीं है । यहां का मुसलमान इम्तिहाई मुतमईन है इस वजह से कि हिंदुस्तान की जितनी सेकुलर फोर्सेज हैं वह पूरी की पूरी मुसलमानों के साथ हैं और वह यह देखना चाहती है कि जिस तरह से हिन्दुस्तान की शिनाख्त पूरी दुनिया की ममलिकत की हैसियत से हुई है, उस शिनाख्त को बरकरार रखना चाहती है । मगर, आपका यह कहना कि मंदिर बनकर रहेगा, क्या मस्जिद को शहीद करके आप मंदिर बनाना चाहते हैं या मस्जिद को मुंतकिल करके मंदिर बनाना चाहते हैं? यह बात जो है, कोई समझ में आने वाली बात नहीं है । इसलिए एहतराज की जरूरत है बल्कि आप भी इस बात की कोशिश कीजिए, जैसा आप एक दफा यकीन दे चुके हैं, बातचीत के जरिए, इत्तफाके-राए के जरिए इस मसले को तय करेंगे और अदालत का जो भी हुकुम होगा उसकी हम पाबंदी करेंगे, आप इस पर जो है कायम रहिए । शुक्रिया ।

†شری محمد خلیل الرحمٰن "آندھراپردیش":
جناب وائس چیرمین صاحب یہ بڑے افسوس
کی بات ہے کہ پچھلے تین چار مہینہ پہلے
نیشنل انٹیگریشن کاؤنسل کی میٹنگ میں
یو۔پی۔ کے چیف منسٹر اور بی۔ جے۔پی کے اہم
قائدین کی یقین دہانی کے باوجود کہ یہ
رام جنم بھومی بابری مسجد کا مسئلہ یا تو بات
چیت کے ذریعہ اتفاق رائے سے طے کیا
جائے گا یا پھر عدالت کا جو بھی فیصلہ ہوگا
اس کو تسلیم کیا جائے گا۔ مگر ابھی حالیہ
اشتعال انگیز ڈیولپمنٹ جو وہاں پر ہوئے ہیں

†[] Transliteration in Arabic Script.

۱۲ دن ہو چکے ہیں۔ اس کے باوجود آپ کا یہاں پر یہ کہنا کہ ابھی تک ہم کو انفارمیشن نہیں ملی ہے۔ یہ سمجھ میں آنے والی بات نہیں ہے۔ لہٰذا میں آپ سے درخواست کروں گا کہ آپ جلد از جلد اس ہاؤس میں مکمل انفارمیشن کے ساتھ تشریف لائیے۔ بلکہ میں تو آپ سے یہ گذارش کروں گا کہ آج کا یہ اجلاس ختم ہونے سے پہلے آپ اس ہاؤس میں بیان دیں گے اور تمام ممبرس کو اس سے معلوم کریں گے۔ اور پھر خاص طور پر ہمارے محترم صاحب۔ جن کا میں بڑا احترام کرتا ہوں جناب سکندر بخت صاحب ان کا اپنی تقریر کے آخر میں یہ کہنا کہ مندر جو ہے بن کر رہے گا۔ یہ تو کوئی سمجھ میں آنے والی بات نہیں ہے۔ یہاں کا مسلمان انتہائی مطمئن ہے اس وجہ سے کہ ہندوستان کی جتنی سیکولر فورسیز ہیں وہ پوری کی پوری مسلمانوں کے ساتھ ہیں اور وہ یہ دیکھنا چاہتی ہے کہ جس طرح سے ہندوستان کی شناخت پوری دنیا کی مملکت کی حیثیت سے ہوئی ہے۔ اس شناخت کو برقرار رکھنا چاہتی ہے۔ مگر آپ کا یہ کہنا کہ مندر بن کر رہے گا۔ کیا مسجد کو شہید کر کے آپ مندر بنانا چاہتے ہیں یا مسجد کو منتقل کر کے مندر بنانا چاہتے ہیں۔ یہ بات جو ہے کوئی سمجھ میں آنے والی بات نہیں ہے۔ اس لیے احتراز کی ضرورت ہے۔ آپ بھی ان ڈیولپمنٹ کو سطحی انداز سے نہیں سوچا جانا چاہیے۔ کیونکہ یہ ڈیولپمنٹ بہری پلانڈ ہیں اور جان بوجھ کر اس قسم کی اشتعال انگیز حرکت کی گئی ہے اور اس بات کی کوشش کی جارہی ہے۔ خاص طور پر ایکتا یاترا کے مکمل فیل ہونے کے باوجود بی۔ جے۔ پی کی جانب سے یہ کوشش کی جارہی ہے کہ پھر کسی طرح اس مسئلہ کو زندہ رکھا جائے۔ چنانچہ اس طرف نئے ڈیولپمنٹ کئے جارہے ہیں۔

اس لیے میں ہمارے ہوم منسٹر صاحب سے خاص طور سے کہوں گا کہ وہ جلد سے جلد بیان دیں۔ ہوم منسٹر صاحب کا یہ کہنا کہ میں نے ٹیلیفون کیا ہے۔ میں فیکٹس کا انتظار کر رہا ہوں۔ مجھے ابھی تک وہاں سے معلومات حاصل نہیں ہوئے ہیں۔ یہ لاچاری کے سوائے اور کوئی بات نہیں ہے۔ آپ کے اور بھی مختلف سورسیز ہیں معلوم کرنے کے لیے ظاہر ہے کہ چیف منسٹر سے جو بھی انفارمیشن آئے گی تو چیف منسٹر کی انفارمیشن خود ان کی انفارمیشن رہے گی۔ اور ان کا جو ایکشن ہے اسے وہ جسٹی فائی کریں گے۔ اس لیے آپ کی بھی جو وہاں پر سینٹرل ایجنسیز ہیں ان ایجنسیز کے ذریعہ آپ معلومات کو حاصل کیجئے۔ وہاں ۱۱ مارچ سے اس طرح کی حرکتیں ہو رہی ہیں۔ اور آج ۲۳ مارچ ہے اسطرح

اس بات کی کوشش کیجئے۔ جیسا آپ ایک دفعہ یقین دے چکے ہیں بات چیت کے ذریعہ اتفاق رائے کے ذریعہ اس معاملے کو طے کریں گے عدالت کا جو بھی حکم رہے گا اس کی ہم پابندی کریں گے آپ اسپر جو ہے قائم رہیے۔ شکریہ

**डा० रत्नाकर पाण्डेय** : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यह राम मंदिर का मामला बड़ी तेजी के साथ जिस रूप में अवतरित हुआ है फिर से, एक बार कुछ मूर्तियां तोड़ी गई थी तो गढ़वाल में, हिमालय में भूचाल आ गया, हजारों लोग काल-कवलित हुए और यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि हिन्दुत्व में मेरा विश्वास है और सनातन धर्म हिन्दुत्व का दर्शन है। सनातन धर्म और हिन्दुत्व मानता है—"वसुधैव कुटुम्बकम" यानी सारी सृष्टि हमारा कुटुम्ब है। हम इसमें विश्वास करते हैं। लेकिन, इस सदन के सुलझे हुए बुजुर्ग भारतीय जनता पार्टी के नेता माननीय सिकन्दर बख्त जी ने अपना वक्तव्य समाप्त करते हुए जिस तेजी के साथ कहा कि राम-मंदिर बनाने के नाम पर हमारी उत्तर प्रदेश सरकार वोट पाई है, और राम-मंदिर बन कर रहेगा, तो मुझे एक कहावत याद आई कि नया मुल्ला जो है तेजी से बांग देता है और नया हिंदुत्व में, सांप्रदायिकता में विश्वास करने वाला मुसलमान है, राम का मंदिर वहीं बनेगा, कितनी तेजी से कह सकता है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे माननीय सिकन्दर बख्त साहब हैं, आज सदन ने और सारे देश ने देख लिया।

सृष्टि रचकर ज्योति दी है, सब वही सविता वही है।

काव्य रचना कर रहा है कवि वही है, कविता वही है।

यदि मिला साकार तो वह अवध का अभिराम होगा।

हृदय उसका धाम होगा, नाम उसका राम होगा।

हर इन्सान के दिल में राम बसते हैं। जिस तरह से उत्तर प्रदेश की सरकार ने 2.77 एकड़ जमीन पर मंडपों को ढहाने का काम किया, विनय कटियार सांसद की उपस्थिति में सुमित्रा भवन, लोमेश मुनि के आश्रम, द्वारिकादास फलाहारी सीता-कूप के मंदिर और विवादित भवन से सटी कुल दुकानों की तोड़-फोड़ की और साक्षी गोपाल मंदिर, सुमित्रा भवन, संकट मोचन मंदिरों में जो प्राण प्रतिष्ठत मूर्तियां लगी थीं उनको छिन्न-भिन्न किया है, उनको भंग किया है। मंदिरों में तो प्राण प्रतिष्ठा की जाती है मूर्तियों की, और यह भारतीय जनता पार्टी का हमें समझ में नहीं आता, यह मूर्ति भंजक लोग इस देश में पैदा हो गए हैं हिंदुत्व के नाम पर। इन्होंने मूर्तियों को एक बार तोड़ा तो हिमालय की छाती फट उठी, भूचाल आया और आज जब यह दुष्काण्ड किया है तो उसका परिणाम क्या होगा, यह ईश्वर ही जानता है।

उपाध्यक्ष महोदय, खुद खड़े होकर सांसद विनय कटियार, लालू सिंह, श्रीराम द्विवेदी, मथुरा तिवारी आदि ने वहां उत्तरप्रदेश के राजस्वमंत्री श्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी की उपस्थिति में और मुख्य मंत्री कल्याण सिंह जी के आदेश पर जो यह दुष्कांड किया है, इसकी सारा देश निन्दा करता है और चाहे भारतीय जनता पार्टी हो, चाहे बजरंग दल हो, चाहे शिव सेना हो, चाहे हिन्दू मुन्नेत्र हो, दक्षिण भारत में काम करने वाले चाहे आर०एस०एस० हो, ये सब एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं और हमारा धर्म-निरपेक्षता का जो सिद्धान्त है, वह माननीय उपसभाध्यक्ष जी, तब तक सार्थक नहीं होगा जब तक साम्प्रदायिक शक्तियों से भरे हुए राजनीतिक दलों को आप बैन नहीं करेंगे। कितनी बड़ी हिमाकत है उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री की। उनकी क्या हैसियत है, उत्तर प्रदेश का एक नागरिक होने के नाते जानता हूं मैं और गृह मंत्री, भारत सरकार बार-बार इनसे रिपोर्ट मांग रहे हैं लेकिन ये रिपोर्ट देने

को तैयार नहीं हैं क्योंकि इन्होंने कानून की अवहेलना की है, इन्होंने इस देश के अल्पसंख्यकों को, विशेषत: मुसलमानों को डराया-धमकाया है और वह दिन भी आएगा, इस सदन में मैं रिकार्ड करा रहा हूं, कि चाहे मस्जिद को मंदिर के रूप में कन्वर्ट कर दें, मस्जिद की गुम्बद पर ये दो निर्दोष जवानों को चढ़ाकर उनकी हत्या करवा चुके हैं, पहले इनका इतिहास रहा है, तो मस्जिद को भी एक दिन ढहा देंगे और कहेंगे कि हमने उस पर कब्जा कर लिया है। सैकड़ों - हजारों मजदूरों के साथ मिनिस्टर खड़े होकर के, सांसद और विधायक खड़े होकर के, वहां के एस०एस०पी० और जो पर्यटन अधिकारी हैं, उसको लेकर के जिस तरह का नरसंहार कर रहे हैं उससे कानून और व्यवस्था नाम की कोई चीज उत्तर प्रदेश में नहीं रह गई है और वहां टेंशन व्याप्त हो गई है। मैं गृह मंत्री को आपके माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि इस मामले को गंभीरता-पूर्वक लिया जाए। मैं मांग करूंगा, गृह मंत्री जी, अगर सुपरसीड करना हो, अपनी फोर्स भेजनी हो यहां से और राम मन्दिर बाबरी मस्जिद के मसले को, चाहे राष्ट्रीय एकता परिषद में भारतीय जनता पार्टी के लोग कुछ कहकर मुकर जा रहे हों, चाहे वक्तव्य देने की हिमाकत स्टेट फेक्च्युअल पोजीशन बताने की जुर्रत नहीं कर रही है हमारे देश की सरकार को, यह बहुत चिंता की बात है। यह पहली दफा देख रहा हूं कि इतनी बड़ी घटना हो गई और वे फेक्च्युअल पोजीशन बताने को, केन्द्र सरकार को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार से मैं मांग करूंगा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार तुरन्त इसमें हस्तक्षेप करे नहीं तो कल भी गिरेगा, जो प्लानिंग उनकी चल रही है, आज भी गिरा रहे हैं और निरंतर कब्जा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के मंत्री और विधायकों ने जितने नाजायज मकानों पर कब्जा किया है अपने शासनकाल में और जितनी जमीन पर कब्जा किया है, देश में कभी भी कब्जा करने के नाम पर भ्रष्टाचार इतना नहीं हुआ। "कसम राम की खाते हैं, हम मन्दिर वहीं बनाएंगे", कसम तो झूठा आदमी खाता है।...(**व्यवधान**)... आप तो कभी राम को गाली देते थे जब रिपब्लिकन पार्टी में मैं। आप भी नए मल्ला बने हुए हैं। बी०जे०पी० में जाकर बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांककर देखा कीजिए। जब से इस दल से सांसद होकर आए हैं, तब से राम-राम चिल्ला रहे हैं आप, पहले तो रामायण को फैंकने की बात करते थे आप।

तो मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार इसमें तुरन्त हस्तक्षेप करे और एक संयुक्त संसदीय दल इस मामले की जांच के लिए बनाया जाए और सरकार की ओर से वहां एक सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजा जाना चाहिए जिसमें बी०जे०पी० और शिव सेना के लोग भी रहें, वह जाकर के फेक्च्युअल स्थिति गृह मंत्री और सरकार के सामने रखें और उस पर आधारित वक्तव्य गृह मंत्री और भारत सरकार का होना चाहिए। जनमत विक्षुब्ध है इनसे, जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा और काशी विश्वनाथ को भी इन्होंने अपना लक्ष्य बना रखा है।

और वहां भी इनका मूल मकसद है 600 करोड़ रुपये का हिसाब, जो वी०एच०पी० ने राम मंदिर बनाने के नाम पर वसूल किया है और जिसमें सुपर पॉवर दुनिया की ओवरसीज बी०जे०पी०, माननीय उपसभाध्यक्ष जी, ओवरसीज कोई पार्टी नहीं देश की। (**समय की घंटी**) लेकिन ओवरसीज बी०जे०पी० है और जो 600 करोड़ रुपया आया है उसका दुरुपयोग करके यह देश को अस्थिर करना चाहते हैं, देश को तोड़ना चाहते है, अल्पसंख्यकों में भय की स्थिति पैदा करना चाहते हैं और उन्हें हिन्दुत्व के नाम पर समाप्त कर देना चाहते हैं। हिन्दू जिसका स्पर्श कर देता है वह हिन्दू हो जाता है। इस देश में शक आये, शिथियन आये, हूण आये मंगोल आये और सब भारतीय बनकर के रहे और उसी सर्व-धर्म सापेक्ष बात पर हमारा देश चल रहा है, हमारी राष्ट्रीयता का कमिटमेंट है, हमारे संविधान का और उसको तोड़ करके यह संविधान की उपेक्षा

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

कर रहे हैं । इसलिए राम जन्म भूमि में इन्होंने जो अतिक्रमण किया है और जो मूर्तियों को भग्न किया है :

"जिन बुतों में आ जाता है खुदाई का मिजाज,
मैंने देखा है वह बुत तोड़ दिये जाते हैं ।"

यह भी सुना है मैंने और यह भी सुना है कि :

"तेरा हुस्न तब कहां था मेरी आशिकी के पहले;
पूजे गये कहां थे, मेरी बंदगी के पहले ।"

जनता ने आपको इस विश्वास के साथ वोट दिया था कि इस देश में आप धर्मनिर्पेक्षता, जनतंत्र और समाजवाद की स्थापना करेंगे, न कि सुपर पॉवर्स के कठपुतली के रूप में इस देश की धर्म प्राण जनता का हनन करेंगे, शोषण करेंगे और देश को बरबाद करेंगे । (समय की घंटी) राम हो, रहमान हो राम के सब रूप हैं । राम जन-जन में व्याप्त है और उस राम को आप राजनीति का तिजारत करने वाले, लाशों के सौदागर के रूप में, बंद करिये उस तिजारत को, नहीं तो यह देश आपको माफ नहीं करेगा । (समय की घंटी) गृह मंत्री जी से मैं अनुरोध करूंगा कि अपने कैबिनेट में इस पर विचार करें। जितने भी साम्प्रदायिक दल हैं, चाहे हिन्दुओं के हों, चाहे मुसलमानों के हों, चाहे किसी के भी हों उनका राजनीतिक अस्तित्व समाप्त करने के लिए सदन में बिल लायें तब जाकर के हमेशा के लिये यह राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद का मसला हल होगा । धन्यवाद ।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** (हरियाणा) : रत्नाकर जी ने यहां दो शेर रखे हैं । जरा पाण्डेय जी को मुखातिब करके मैं दो लाईनें कहना चाहती हूं :

"हकीकत से नफरत, हिमाकत पे नाजां,
हमें ऐसे लोगों से पाला पड़ा है ।"

**डा० रत्नाकर पाण्डेय :** अब आपके शेर का जवाब चव्हाण साहब देंगे हम नहीं देना चाहते ।... (व्यवधान)

**श्री प्रमोद महाजन :** जो हकीकत नहीं थी वह तो आपने कह दिया ।... (व्यवधान)

